RAF SECTOR

NEWS CLIP

22/11/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan , Jamshedpur (JKD)

घाटों पर सख्ती भी खूब रही: छठ की नो इंट्री में घुसने वालों का कटा चालान

जमशेदपुर | संवाददाता

छठ के लिए लगी नो इंट्री के दौरान मेरिन ड्राइव में भारी वाहनों को लाकर खड़ा करने पर नौ हजार रुपये का चालान ट्रैफिक डीएसपी बबन सिंह ने काटा। उन्होंने बताया कि दोमुहानी में सुबह से ही तैनात ट्रैफिक जवानों को बताया गया था कि गाड़ी आकर श्रद्धालुओं को उतारने के बाद चालक पर नजर रखनी है। उसे गाड़ी से उतरने नहीं देना है। उसके साथ जाकर पार्किंग में गाड़ी खड़ी करवाना है। इसका ही नतीजा था कि जाम नहीं लगा।

सिटीएसपी, एडीएम, एसडीओ ने किया दौरा: तड़के तीन बजे से ही शहर के छठ घाटों का सिटी एसपी सुभाष चन्द्र जाट, एडीएम लॉ एंड आर्डर नंदकिशोर लाल और एसडीओ नीतीश कुमार सिंह ने दौरा किया। उनकी टीम दोमुहानी, स्वर्णरेखा नदी के अलावा शहर के विभिन्न घाटों पर गई और स्थिति का जायजा लिया। इससे पहले शुक्रवार शाम भी सड़कों पर भीड़ न रुके, इसको लेकर वे तत्पर दिखे।

साकची घाट पर रही रैफ की तैनाती, ट्रैफिक वनवे

पहली बार छठ के दौरान स्वर्णरेखा के साकची नदी घाट पर रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई थी। प्रवेश द्वार के पास ही रैफ को तैनात किया गया था। लेकिन नदी घाट पर डीएसपी पटमदा विजय महत के नेतृत्व में जिला पुलिस के जवान सादे लिबास में तैनात थे। किसी भी वाहन को घाट क्षेत्र में प्रवेश करने की इजाजत नहीं थी। एक भी स्टॉल पूरे क्षेत्र में नहीं लगा था। छठ घाट की तरफ आने वाले मार्ग में भी किसी को स्टॉल लगाने की इजाजत नहीं थी।

ढीपासाई में सुरक्षा चुस्त उपद्रवियों पर पैनी निगाह

ओल्ड पुरुलिया रोड मानगो के ढीपासाई छठ घाट पर जवान तैनात रहे। उपद्रवियों पर जवनों की पैनी निगाह रही। श्रद्धालुओं की सेवा में सिटी एसपी सुभाष चंद्र जाट सक्रिय दिखे। पुलिस जवानों ने यातायात व्यवस्था संभाली। शुक्रवार दोपहर ढाई बजे से व्रती सपरिवार पैदल ही छठ घाट की ओर निकल पड़े थे। सिटी एसपी समेत एडीएम विधि व्यवस्था नंदकिशोर लाल, एसडीओ नीतीश कुमार सिंह, डीएसपी विजय कुमार की उपस्थिति से सूर्यदेव को अर्घ्य दिया।

मुस्तैदी | छठ व्रतियों की सुरक्षा में मानगो घाट पर तैनात रहे रैफ के जवान। • हिन्दुस्तान

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।